Bareilly, Thursday,
10 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 02MIDDLE

# बासुबरल-मुकुंद इंटरनेशनल की जीत

## पहले दोनों मैचों में हुई अतिरिक्त रनों की बरसात, चारों टीमों ने दिए 73 एक्स्ट्रा रन

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (9 April):** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का गुरुवार को शानदार आगाज हुआ. बरेली क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट के पहले मैच में बासुबरल सरस्वती विहार सीनयर सेकेंडरी स्कूल ने पीएम श्री केवी एनईआर को 37 रन से पराजित किया. जबकि दूसरे मैच में मुकुंद इंटरनेशनल ने जीडी गोयनका को और 62 रन से हराया. पहले मैच में 3 ओवर में 4 रन देकर 4 विकेट लेने वाले बासुबरल के गेंदबाज विकी धूसा को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे मैच में मुकुंद इंटरनेशनल के कप्तान फैजान रजा मैन आफ द मैच बने. उन्होंने 9 चौकों की मदद से 48 गेंदों पर 60 रन की आतिशी पारी खेली. पहले दिन के दोनों मैचों में चारों टीमों की ओर से 73 अतिरिक्त रन बने. पहले मैच में बासुबरल ने 10 रन और पीएम श्री केवी एनईआर ने 7 रन अतिरिक्त दिए, जबकि दूसरे मैच में जीडी गोयनका ने 37 और मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल ने 19 अतिरिक्त रन दिए. एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी एवं बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बरेली के प्रेसिडेंट निर्भय सिंह बेनीवाल, सेक्रेटरी अंकित बग्गा, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल व टूर्नामेंट के आर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डॉ. प्रभाकर गुप्ता, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती, जीके मांटेसरी स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने इनॉग्रेशन मैच में खेलने वाली ग्रुप-ए की बासुबरल सरस्वती विहार सीनयर सेकेंडरी स्कूल और पीएम श्री केवी एनईआर टीम के खिलाड़ियों से परिचय हासिल किया.



विनिंग टीम के प्लेयर्स को किया पुरस्कृत.